卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 322 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦29 अगस्त 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## खेल दिवस पर सीएम धामी ने दी खिलाड़ियों को सौगात

देहरादून(उद संवाददाता)। खेल दिवस के अवसर पर मंगलावर को आईआरडीटी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने आज पदक विजेता



खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस दौरान सीएम धामी ने कई घोषणाएं की। राष्ट्रीय खेल दिवस पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने आज प्रदेश के(शेष पेज सात पर)

## दम्पती सहित मासूम बच्ची की मौत

### ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से आज सुबह हुआ दर्दनाक हादसा

रूड़की(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के रुड़की में मंगलवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। ट्रैक्टर ट्राली ने एक बाइक को टक्कर मार दी। इस दौरान हादसे में दंपती और उनकी तीन साल की बेटी की मौत हो गई। वहीं, दूसरी बच्ची को हल्की चोटें आई हैं। पुलिस के अनुसार, रुड़की के पुहाना निवासी सोनू उर्फ इरशाद अपनी पत्नी नाजमा के साथ पुरकाजी से घर लौट रहा था। उनके साथ उनकी दो बच्चियों भी थीं। जैसे ही वह झबरेड़ा के पास पहुंचे तो सामने से आ रही है ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे सोनू, नाजमा और एक बच्ची की मौके पर जान चली गई। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। वहीं सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को रुड़की के सिविल अस्पताल पहुंचाया। उधर, सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में परिवारजन व ग्रामीण सिविल अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। एसएचओ झबरेड़ा(शेष पेज सात पर)



## पोस्ट ऑफिस में दिनदहाड़े लाखों की लूट

### कैश काउंटर से महिला एजेंट का नोटों भरा थैला लेकर भाग गया उचक्का

काशीपुर। पोस्ट ऑफिस के कैश काउंटर से दिनदहाड़े एक उचक्का ढाई लाख रूपयो की नगदी से भरा थैला लेकर वहां से फरार हो गया। घटना के घटते ही मौके पर अफरा तफरी मच गई। जिस महिला के पैसे उड़ाए गए वह पोस्ट ऑफिस की कमीशन एजेंट बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक मोहल्ला गंज काशीपुर निवासी रजनी नामक महिला पोस्ट ऑफिस में कमीशन एजेंट का काम करती है। आज सुबह लगभग 10:40 बजे उक्त महिला एजेंट पोस्ट ऑफिस पहुंची। वह कैश काउंटर पर खड़ी होकर अपनी बारी का इंतजार करने लगी। बताया जा रहा है कि उसने ढाई लाख रूपयो की नगदी से भरा थैला काउंटर पर रख दिया इसी दौरान वही कैश काउंटर के समीप पहले से घात लगाए एक उचक्के ने पलक झपकते थैली पर झपट्टा मार कर मौके से नौ दो ग्यारह हो गया। उधर महिला को जैसे ही इसका पता चला वह बुरी तरह घबरा गई। पोस्ट ऑफिस आए अन्य लोगों को तथा पोस्ट ऑफिस स्टाफ को जब ढाई लाख रुपए लूट होने की जानकारी हुई(शेष पेज सात पर)



## अवैध शराब के खिलाफ महिलाओं का धरना प्रदर्शन

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। जय नगर की महिलाओ ने अवैध शराब के बिक्री के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। आक्रोशित महिलाओं ने चौकी में धरना प्रदर्शन कर तहरीर सौंपी। शक्तिफार्म के ग्रामसभा जयनगर, पिपलिया में संचालित होटलो में अवैध



शराब की बिक्री को लेकर आक्रोशित महिलाओं ने शक्तिफार्म पुलिस चौकी में धरना प्रदर्शन किया। साथ ही चौकी प्रभारी को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की।आक्रोशित महिलाये चौकी प्रभारी के आश्वासन के बाद(शेष पेज सात पर)

## सुरक्षा के लिहाज से महफूज नहीं काशीपुर पोस्ट ऑफिस

काशीपुर(उद संवाददाता)।पोस्ट ऑफिस में दिनदहाड़े महिला के साथ हुई लूट के बारे में पोस्ट मास्टर से जब सुरक्षा की बाबत जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। पोस्ट ऑफिस जैसे महत्वपूर्ण स्थान पर सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी कैमरे आदि लगे होने नितांत आवश्यक है जबकि पोस्ट ऑफिस में कोई भी सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा है। इस बारे में पोस्ट मास्टर का कहना है कि उनके द्वारा सीसीटीवी कैमरा के लिए उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा गया है लेकिन अब तक पोस्ट ऑफिस परिसर के अंदर कोई कैमरा आदि नहीं लग सका। यह सच है कि यदि पोस्ट ऑफिस जैसे महत्वपूर्ण स्थान पर सीसीटीवी कैमरा लगा हो तो लूट की ऐसी घटनाओं के पर्दाफाश करने में पुलिस को ज्यादा माथा पच्ची नहीं करनी पड़ती। हालांकि मार्केट में कई स्थानों पर व्यापारियों के कैमरे लगे हैं यदि बारीकी से जांच की तो लुटेरा जल्द बेनकाब हो सकता है।

## बदइंतजामी से खाता धारकों की हो रही फजीहत, दलाल हावी

काशीपुर(उद संवाददाता)। वैसे तो केंद्र सरकार द्वारा संचालित भारतीय डाक सेवा से रिलेटेड तमाम योजनाएं समय-समय पर खाताधारकों एवं जन सामान्य के लिए आती रहती है लेकिन पिछले कुछ समय से काशीपुर पोस्ट ऑफिस की हालत अनुशासन व व्यवस्था को लेकर बद से बदतर हो चुकी है। यहां पासबुक को अपडेट करवाना किसी चुनौती से कम नहीं है। फिलहाल पिछले एक माह के करीब से जिस काउंटर पर पासबुक अपडेट किया जाता है वहां कर्मचारी नदारद है। इसी तरह कैश काउंटर पर बैठी महिला कैशियर नगदी निकालने वाले नए खाता धारकों को यह कहकर बैरंग वापस करने का काम कर रही है कि खाताधारक का सिग्नेचर अपडेट नहीं है। मजे की बात यह है कि खाता धारकों को खाता खोलते समय सिग्नेचर अपडेशन की बात नहीं बताई जाती। इसके अलावा पोस्ट ऑफिस में खाता धारक एक और समस्या से जूझ रहे हैं कि यदि वह नगदी(शेष पेज सात पर)

## 25 दिन पूर्व रम्पुरा से लापता किशोरी कोतवाली पहुंची

### पुलिस ने किशोरी का कराया मेडिकल परीक्षण

रुद्रपुर। कोतवाली क्षेत्र से लापता किशोरी 25 दिन स्वयं कोतवाली पहुंच गई। पुलिस ने किशोरी के लौटने के बाद राहत की सांस ली और किशोरी को मेडिकल परीक्षण कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र से 2 अगस्त को किशोरी परिजनों के को घर से बिना किसी को बताए कहीं चली गई। उसकी खोजबीन की, कहीं सुराग नहीं लगा तो पुलिस को सूचना दी। परिजनों ने पड़ोस में रह रहा एक युवक पर पुत्री को ले जाने की आशंका जताते हुए पुलिस से मदद की गुहार लगाई।(शेष पेज सात पर)

## लाखों की स्मैक के साथ दो दबोचे

### गिरफ्तार नशा कारोबारियों का लम्बा आपराधिक इतिहास

काशीपुर(उद सवांददाता)। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्र में सक्रिय दो शातिर नशा कारोबारी को एसओजी टीम ने दबोच कर उनके कब्जे से लाखों की अवैध स्मैक बरामद करने में सफलता पाई है। आवश्यक पूछताछ के बाद गिरफ्तार नशा कारोबारी का पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत चालान करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया। जानकारी के अनुसार एसओजी टीम क्षेत्र में अवैध नशे के कारोबारी पर शिकंजा कसने को लेकर गश्त कर रही थी। इसी दौरान संदिग्ध रूप से घूम रहे दो युवकों को एसओजी टीम ने शक के आधार पर दबोच लिया। कड़ी पूछताछ में दोनों ने अपना नाम पता आशियाना बिल्डिंग के समीप मोहल्ला अल्ली खां निवासी शाहनवाज पुत्र मोहम्मद नफीस तथा दूसरे ने मेहंदी मिलन चौक मोहल्ला अल्ली खां निवासी आसिफ पुत्र इफ्तिखार बताया। तलाशी लेने पर दोनों के कब्जे से कुल 58.13 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बरामद स्मैक की कीमत लगभग डेढ़ लाख से अधिक आंकी जा रही है। कार्यवाही के दौरान एसओजी टीम ने दोनों नशा कारोबारी के कब्जे से एक-एक मोबाइल(शेष पेज सात पर)



## डीजीपी मॉडल विकसित करने की जरूरत - डीएम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। इंडो-जर्मन कोआपरेशन के तहत राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन व राज्य परियोजना प्रबंधन ग्रुप उत्तराखण्ड द्वारा उत्तराखण्ड व उत्तर प्रदेश में जिला गंगा प्लान तैयार किये जाने हेतु जिला गंगा समितियों की आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी उदय राज सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने जनपद में तैयार किये गए मॉडल डीजीपी के ड्राफ्ट को अनुमोदन हेतु राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन को प्रेषित किये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी उपस्थित जिला गंगा समितियों के प्रशिक्षण प्रतिभागियों से भी उक्त तर्ज पर ही डीजीपी विकसित किये जाने का सन्देश दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तराखण्ड के जनपद चमोली, पौड़ी, अल्मोड़ा, नैनीताल, चम्पावत, उधम सिंह नगर एवं उत्तरप्रदेश के बिजनौर व अमरोहा जनपदों के जिला गंगा समिति प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डीएफओ हिमांशु बागड़ी, सीडीओ विशाल मिश्रा, सीडीओ पौड़ी श्रीमती अपूर्वा पाण्डे, तकनिकी सलाहकार मेराज अहमद, सुश्री अंजना पंत व निकोलाई स्मिथ एसपी एमजी उत्तराखण्ड से अक्षय कुमार व डॉ. पीसी जोशी, एसएमसीजी उप्र से श्रीमती सोनालिका सिंह, डब्ल्यू डब्ल्यू एफ से मोहम्मद आलम के साथ ही रामगंगा बेसिन जनपदों के जिला गंगा समितियों के सदस्य व सम्बंधित विभागों के अभियंता व अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# तीन दिवसीय द्वितीय दक्ष खेल महोत्सव में खिलाड़ियों में दिखा जोश और जुनून

नानकमत्ता( उद संवाददाता)। दक्ष स्पोर्ट्स एकेडमी नानकमत्ता के नेतृत्व एवं एमेच्योर कराटे एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के सौजन्य से नानकमत्ता सागर ग्राउंड में रविवार को तीन दिवसीय द्वितीय दक्ष खेल महोत्सव खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स इवेंट की बालिकाओं के 380 पंजीकरण हुए। जिसमें बालिकाओं ने एथलेटिक्स इवेंट्स के अंतर्गत दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, चक्का फेंक, शॉट पुट इवेंटो में दमखम दिखाया। वहीं एथलेटिक्स में बालकों के 450 से अधिक पंजीकरण हुए, जिसमें बालकों ने एथलेटिक्स इवेंट्स के अंतर्गत दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, चक्का फेंक, शॉट पुट इवेंटो में जोश और जुनून से अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। एवं प्रतियोगिता के अंतिम दिन कबड्डी खेल के मुकाबले खेले गए।प्रतियोगिता के तीसरे दिन के कबड्डी खेल का शुभारंभ मुख्य अतिथि विलबर पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार यादव, दक्ष स्पोर्ट्स एकेडमी के अध्यक्ष शंकर सिंह बसेरा, एवं संयोजक किशोर सिंह द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वीरेंद्र कुमार यादव ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि दक्ष खेल महोत्सव प्रतियोगिता के माध्यम से क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को सामने लाने का जो कार्य



दक्ष स्पोर्टस एकेडमी द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है, जो मील का पत्थर साबित होगा। जिससे खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के अवसर प्राप्त होंगे। प्रतियोगिता के संयोजक किशोर सिंह ने बताया कि बालिका वर्ग अंडर 11 की 100 मीटर में दौड़ में प्रथम स्थान पर अंजलि ,दूसरे स्थान पर शानवी देव व तृतीय स्थान पर मनीषा जोशी रही। बालिका वर्ग की 200 मीटर दौड़ में अंजलि प्रथम , जान्हवी दूसरे, पंखुड़ी बिष्ट तीसरे स्थान पर रही। बालिका वर्ग की 400 मीटर दौड़ में अंजलि प्रथम , जान्हवी राय दूसरे, तनिष्का रावत तीसरे स्थान पर रही। बालिका वर्ग की 800 मीटर दौड़ में जान्हवी राय प्रथम , अंजलि दूसरे, कनिष्का रावत तीसरे स्थान पर रही। अंडर 14 बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में रिमझिम मौर्य प्रथम, शौर्यावी रावत ने दूसरे, अंकिता तीसरे स्थान पर रही। बालिका वर्ग 200 मीटर दौड़ में स्नेहा ने प्रथम, कनक ने दूसरे, अंकित तीसरे स्थान पर रही। बालिका वर्ग 400 मीटर दौड़ में आरुषि ने प्रथम, स्नेहा ने दूसरे, आरवी रावत तीसरे स्थान पर रही। 1600 मी बालिका वर्ग में दीक्षा मेहरा ने प्रथम, कनक चंद ने दूसरे, सृष्टि भारती ने तीसरे स्थान पर रही। ऊंची कूद में शौर्यावी रावत ने प्रथम, साक्षी यादव ने दूसरे, साक्षी ने तीसरा, लंबी कूद में स्नेहा फर्त्याल, शिवानी कुमारी दूसरे, साक्षी पैंट ने तीसरा, चक्का फेंक में श्रेया सहनी ने प्रथम, योगिता ने दूसरा, प्राची ने तीसरा एवं गोला फेंक में श्रेया ने प्रथम, योगिता ने दूसरा, आयुषी आर्य ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में सायमा 200 मीटर में प्रिया चंद, 400 मीटर दौड़ में दिशा सामंत, 800 मीटर दौड़ में अंशिका सोनी, 1600 मीटर दौड़ में ललिता नयाल, 3000 मीटर दौड़ में नंदिनी कुमारी, ऊंची कूद में प्रेरणा रावत, गोला फेंक व चक्का फेंक में रिया चंद ने प्रथम स्थान प्राप्त किये।अंडर 21 बालिका वर्ग की 200 मीटर दौड़ में अर्पिता यादव, 400 मीटर दौड़ में महिमा, 800 मीटर व 1600 मीटर दौड़ में नीतू, चक्का फेंक में कोशल्या, गोला फेंक में संजू राणा, ऊंची कूद में गुनगुन, लंबी कूद में भगवती ने प्रथम स्थान प्राप्त किए। अंडर 17 बालक वर्ग की 1600 व 3000 मीटर में राम बाबू, 800 मीटर में सूरज नाथ गोस्वामी, 200 व 400 मीटर में अंकित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।अंडर 21 बालक वर्ग के 100 मीटर दौड़ में सोहैल, 200 मीटर दौड़ में सोहैल, 400 व 800 मीटर दौड़ में सागर कन्याल, 1600 व 3000 मीटर दौड़ में ललित सिंह, चक्का फेंक में रोहित, गोला फैंक में आशीष व्यापारी, लंबी कूद में सोहैल ने प्रथम स्थान प्राप्त किए। प्रतियोगिता समापन अवसर मुख्य अतिथि नानकमत्ता चेयरमैन प्रेम सिंह तुर्ना, विशिष्ठ अथितियों में जसोद मेहता, हरीश चंद्र सती, कुंवर सिंह राणा, राजीव राना, इंद्र पाल सिंह मान सहित संयुक्त रूप से सभी विजेता खिलाड़ियों को पदक, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता समापन अवसर के मुख्य अतिथि प्रेम सिंह तुर्ना ने कहा कि खेल से न केवल शरीर का विकास होता है बल्कि मानसिक रूप से भी शरीर विकसित होता है। जब बालक शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ होता है तभी वह देश के लिये सभ्य नागरिक बन पाता है। और आगे संयोजक किशोर ने बताया कि कबड्डी खेल में 14 बालक एवं बालिकाओं की टीम में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में कबड्डी व एथलेटिक्स इवेंट ( बालिका /बालक) के विजेता खिलाड़ियों को कबड्डी में विजेता खिलाड़ियों को कैश प्राइज पांच हजार रुपए, उपविजेता 3000 रुपए एवं तृतीय टीम को 2000 हजार रूपए एवं अन्य सिंघल इवेंट्स में प्रथम आने वाले खिलाड़ियों को 500 रुपए, 300 रुपए व 150 रुपए की पुरुस्कार धनराशि देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का मंच संचालन ऋषि पाल भारती ने किया। और उन्होंने प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक आयोजित करने में सहयोग देने वाले मेहता फिटनेस क्लब सहित अनेकों लोगों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में ऑफिशियल की भूमिका में रणजीत सिंह, कुणाल, रवि मेहता, विशाल शामिल रहे।इस मौके पर हिंद पब्लिक स्कूल के एमडी नीरज कुमार, पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा, ओम नारायण , कमल सिंह, विक्रम सिंह, जयप्रकाश, हिमा भट्ट , रूनू, कंचन बसेरा, लवली विश्वकर्मा, रुचि, हैप्पी सिंह, मिंकु ठाकुर, गुलशन कुमार, संजय, अमन, रोहन, तन्नु, सोनम कोली, प्रिया विश्वास, मुस्कान सागर सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

# भगवान शिव के प्रतिरूप ही हैं वृक्ष : हरि चैतन्यपुरी

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ श्री हरि कृपा आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष भगवान शंकर के प्रतिरूप ही हैं। भगवान शिव ने लोकहित में विषपान किया व संसार को अमृत बाँटा। ठीक उसी प्रकार वृक्ष भी कार्बन





डाइऑक्साइड का जहर पीकर आक्सीजन का अमृत बाँटते हैं । वृक्ष पृथ्वी माता के श्रंगार तो हैं ही साथ ही हम सभी को भी जीवन व प्राण देते हैं । ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव सम्पूर्ण विश्व में आज हमें प्रत्यक्ष दिखाई दे रहा है। निरंतर बढता हुआ पर्यावरण असंतुलन व घातक प्रदूषण भविष्य के लिए घोर चिंता का विषय है। समय रहते यदि हम जागरूक ना हुए तो भविष्य में होने वाले विनाशकारी दुष्परिणामों को भोगने के लिए हमें मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण हम सभी का पुनीत कर्तव्य है। ग्लोबल वार्मिंग व समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर हो रही भयानक प्राकृतिक आपदाओं का कारण पर्यावरण का विकृत होता स्वरूप ही है। श्रावण मास चल रहा है हम सभी भगवान शिव के अभिषेक, पूजन, वंदन व व्रत इत्यादि के साथ-साथ सघन वृक्षारोपण भी करें। वृक्ष और शिव एक समान, दें अमृत करते विषपान। उन्होंने कहा कि प्रकृति माँ को शृंगार विहीन होने से बचाएँ। पृथ्वी माँ के श्रृंगार हैं वृक्ष। प्रकृति हमारी जन्मदात्री माँ से भी अधिक हमारी रक्षा करती है, परंतु प्रकृति के नियमानुसार यदि नहीं रह कर अपितु उससे खिलवाड़ करें तो यह रक्षक होने के बजाय हमारी भक्षक भी बन सकती है। आए दिन जहाँ तहाँ बाढ़, भूकंप, सूखा, प्राकृतिक अन्यान्य विपदाएँ हमारी प्रकृति के साथ खिलवाड़ का ही परिणाम रहा है।प्राकृतिक सौंदर्य ,वनसंपदा आदि हमारी प्रकृति माँ के श्रृंगार है पृथ्वी माँ को शृंगार विहीन होने से बचाने के लिए स्वयं को प्राकृतिक आपदाओं से बचाकर सुखी भविष्य बनाने के लिए अपने क्षेत्र के सौंदर्य आकर्षण पहचान को बनाए रखने के लिए प्रकृति व यहाँ की अमूल्य ऐतिहासिक धरोहरों के साथ खिलवाड़ बंद करके उनके संरक्षण पर ध्यान देना बहुत ही आवश्यक है। समय रहते यदि हमने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो बाद में पश्चाताप के अलावा हमारे हाथ कुछ भी शेष नहीं रहेगा। सभी भक्तों ने वृक्षारोपण का व वृक्षों के संरक्षण का संकल्प भी लिया। इस बीच श्री महाराज जी के दर्शनों व दिव्य अमृत वचनों को सुनने के लिए हजारों भक्तों का ताँता लगा रहा । हजारों भक्तों के साथ साथ उत्तराखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पुरोहित, जिले व क्षेत्र के अनेक न्यायाधीश, केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री व नैनीताल सांसद अजय भट्ट, राज्यमंत्री श्रीमती ज्योति शाह मिश्रा, अनेक मंत्री व पूर्व मंत्री, अनेक विधायक व पूर्व विधायक, अनेक अधिकारी भी पहुँचे। आज श्री महाराज जी ने श्री हरेश्वर महादेव गढीनेगी व श्री दिव्येश्वर महादेव, श्री हरि कृपा आश्रम चित्रकूट रामनगर में पूजन व अभिषेक किया।

# वोटर जागरूकता अभियान चलाया

खटीमा (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी एससी मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बैंक ऑफ बड़ौदा के पीछे कैरियर कोचिंग संस्थान में वोटर जागरूकता अभियान चलाया। जिसके माध्यम से ऐसे मतदाता जिनकी उम्र अठारह वर्ष पूर्ण हो चुकी है एवम मतदाता दिवस तक जो इस उम्र तक पहुंच जायेंगे उनको मतदाता सूची मे शामिल करने का आभियान चलाया। प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी रामू भैया के नेतृत्व में चलाये गये इस आभियान का लक्ष्य है की कोई भी मतदाता अपना नाम मतदाता सूची मे शामिल करने से वंचित ना रह जाए। यह अभियान सभी विधानसभाओं



के सभी बूथों पर चलाया जाएगा। वोटर जागरुकता आभियान मे भाजपा के नगर महामंत्री मनोज वाधवा, जिला उपाध्यक्ष रमेश जोशी, एससी मोर्चा के नगर अध्यक्ष नवल वाल्मीकि, उपाध्यक्ष शुभम वाल्मीकि, राघव यादव, पूर्व छात्रा उपाध्यक्ष तनुजा जोशी, सुमित्रा चंद, गुंजिता जोशी, जुस्ती पॉल, अभिषेक कुमार, करन सिंह, महेश कुमार, बॉबी सोनकर, बादल सक्सेना, मनोज जलहोत्रा, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पौधों की विविधता को संरक्षित करना हर मानव का कर्तव्य : प्रो. रावत

पंतनगर( उद संवाददाता)। प्रो. वाईपीएस पांगती रिसर्च फाउंडेशन द्वारा पांचवी पुण्यतिथि पर प्रो. यशपाल सिंह पांगती को श्रद्धांजलि देकर नमन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय वेबिनर का आयोजन किया गया जिसमें पर्यावरण चुनौती विषय पर चर्चा हुई । मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने कहा की गुरु शिष्य परंपरा नए ज्ञान का सृजन करती है । उन्होंने कहा कि पौधो की जानकारी एवं संरक्षण जरूरी है । जिससे हम सतत विकास में योगदान कर सके। उन्होंने कहा कि पौधो की विविधता को संरक्षित करना हर मानव का कर्तव्य है। उन्होंने प्रो. पांगती के शोध कार्यों की प्रशंसा की तथा उनके बनाए हर्बेरियम को पूर्ण स्थापित करने का वायदा किया। डॉक्टर एमएस दुग्ताल ने कहा कि इंसान को अपना जीवन दिन के नियमो से चलाना चाहिए सुबह गर्म पानी पीना ,सुगर कम खाना घूमना जरूरी है जिससे वो स्वस्थ रहे तथा बेहतर कार्य कर सके। प्रो. जीएस टिटियाल ने कहा आंखे सुंदरतम रचनाएं है जिनसे संसार दिखता है। इनका ध्यान रखना जरूरी है आंखे जीवन का रास्ता दिखाती तो पर्यावरण के तरफ भी हम संरक्षण का संदेश देते । पंडित गोविंद बल्लभ पंत पर्यावरण संस्थान के निदेशक प्रो सुनील नौटियाल





ने जलवायु परिवर्तन ,नदियों के रख रखाव ,जैव विविधता संरक्षण के साथ टेक्नोलॉजी के विकास पर सबका ध्यान आकर्षित किया तथा कहा की प्रबंधन जरूरी है ।डॉक्टर वाई पी एस पांगती मेमोरियल व्याख्यान देते हुए प्रो एस पी खुल्लर ने हिमालयन फर्न ,पांगती गार्ज किलबरी ,तथा हिमालय के पर्यावरण विसय पर व्यापक प्रकाश डाला उन्होंने प्रो पांगती के साथ अपने फेर्न के अनुभव साजा किए तथा कहा पौधो की प्रजातियों को सही नामकरण हो ,ग्लेशियर्स पर शोध बड़ाया जय जिससे वन को संरक्षित करने में मदद मिलेगी और हम जलवायु परिवर्तन से मुकाबला कर पाएंगे। उन्होंने कहा मानव जनसंख्या नियंत्रण जरूरी हैसंचालन करते हुए महासचिव प्रो ललित तिवारी ने प्रो वाईपीएस पांगती का जीवन वृत्त प्रस्तुत किया। अध्यक्ष डॉक्टर बीएस कालाकोटी ने सभी का स्वागत तथा डॉक्टर मीना पांडे पुणे ने फाउंडेशन की तरफ से धन्यवाद किया। पूर्व निदेशक वाइल्ड लाइफ संस्थान प्रो जीएस रावत तथा पूर्व निदेशक एचएफआरआई शिमला डॉक्टर एसएस सामंत ने कहा कि हिमालय को सतत विकास में संरक्षित करना है। हिमालय ही इकोसिस्टम सर्विसेज देता है । 2023 के लिए डॉक्टर वाईपीएस पांगती मेमोरियल अवार्ड हेतु उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रो. एसपी खुल्लर प्रोफेसर एमिरेटस पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ ,डॉक्टर एमएस दुग्ताल फिजिशियन बीडी पांडे हॉस्पिटल नैनीताल तथा प्रो जीएस टिटियाल आई स्पेशलिस्ट सुशीला तिवारी अस्पताल को दिये जाने की घोषणा डॉक्टर बहादुर सिंह कालाकोटी अध्यक्ष प्रो पांगती रिसर्च फाउंडेशन ने की । इससे पूर्व प्रो पांगती की याद में डीएसबी में देवदार का पौध ा लगाया गया। जिसमें प्रो ललित तिवारी , डॉक्टर नवीन पांडे ,डॉक्टर हेम जोशी ,डॉक्टर हर्ष चौहान ,विशाल बिष्ट ,गीतांजलि उपाध्याय शामिल हुए । वेबिनार में वक्ताओं ने प्रो पांगती के सरल व्यक्तित्व तथा समर्पित कार्य पर भी प्रकाश डाला । कार्यक्रम में प्रो उमा मेलकानिया ,डॉक्टर एनएस बनकोटी ,डॉक्टर जीसी जोशी ,प्रो गीता तिवारी ,प्रो नीलू लोधियाल ,प्रो एलएस लोधियाल ,डॉक्टर पूनम ,डॉक्टर सुरभि ,डॉक्टर बीएस अधिकारी ,प्री भावना पांडे , दिव्या,गीतांजलि ,डॉक्टर हर्ष चौहान ,प्रो. एससी सती ,डॉक्टर नवीन पांडे ,डॉक्टर एससी पंत , डॉक्टर हरमिंदर सिंह, डॉक्टर गजेंद्र सिंह,डॉक्टर मनीष बेलवाल , डॉक्टर जीसीएस नेगी ,डॉक्टर आईडी भट्ट , बीडी सुयाल रिटायर्ड पीसीसीएफ हिमाचल ,प्रो. अनिल जोशी अल्मोड़ा, डॉक्टर तनुजा पांगती सहित देश के विभिन्न राज्य के प्रतिभागी मौजूद रहे ।

# समूहगान प्रतियोगिता के प्रांतीय चरण में पहुंची जेपीएस की टीम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद की रुद्रपुर नगर की चारों शाखाओं के तत्वाधान में आयोजित राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता के शाखा स्तरीय चरण में जेसीज पब्लिक स्कूल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अगले चरण प्रान्तीय स्तर के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। 29 विद्यालयों की टीमों के बीच हुई हिन्दी एवं संस्कृत गीतों की प्रतियोगिता में दूसरा स्थान दिल्ली पब्लिक स्कूल ने एवं एमिनीटी स्कूल की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सिडकुल वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रीकर सिन्हा, भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय पदाधिकारी नरेंद्र अरोरा, प्रान्तीय संयोजक (समूहगान) संजय राधू, प्रांतीय संयोजक (संस्कार) पारुल गुप्ता, रुद्रपुर शाखा के अध्यक्ष विष्णु कुमार सक्सेना, सचिव कीर्ति निधि शर्मा तथा प्रतियोगिता के







करें राष्ट्र आराधना, कोटी कोटी कंठों ने गाया, हम बंगाली हम पंजाबी, रक्त शिराओं में राणा का, सबसे ऊंची विजय पताका, भारत वंदे मातरम गीतों का गान किया। प्रतियोगिता के दूसरे भाग में सभी टीमों ने संस्कृत गीतों को गाया और अपनी के देशभक्ति गीतों का गायन विद्यालय के 7 छात्र छात्राओं की टीम द्वारा किया जाता है और शाखा स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेती है और प्रांत के अन्य नगरों की विजेता टीमों से प्रतिस्पध लेगी। उन्होंने सभी टीमों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। रुद्रपुर शाखा सचिव कीर्ति निधि शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज की इस प्रतियोगिता में गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज, सरस्वती शिशु मंदिर, पाथ सीकर इंटरनेशनल स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, गोविंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, बालिका विद्या मंदिर जूख हाख जगतपुरा, संस्कृति एजुकेशन एकेडमी, सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, होली चाइल्ड स्कूल, दिल्ली परिषद की ओर से स्मृति चिन्ह देकर प्रतियोगिता आयोजन में उनके सहयोग हेतु आभार व्यक्त कियाऔर भविष्य में भी इसी प्रकार उनके सहयोग की अपेक्षा की। उपस्थित अतिथियों का भी स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम





निर्णायक भुवन भट्ट, निधि मिश्रा, विवेक वरुण तथा कविता मिश्रा ने भारत माता और स्वामी विवेकानन्द जी के चित्रों के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्चन कर किया गया। सभी टीमों को ड्रॉ के पश्चात प्रतियोगिता में उनके गाने के क्रम को निश्चित कर प्रतियोगिता के प्रथम भाग में हिन्दी गीतों के लिए क्रम से बुलाया गया। टीमों ने निर्धारित गीतों मे से चुने हुए गीतों का गायन किया। मुख्य रूप से टीमों ने देश हमें देता है सब कुछ, हम आवाज से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। संस्कृत गीतों में जय भारत जननी, देवी देहिनो बलम, मानसा सततं समरणीयम, जय जय हे भगवती, भारतं भरतीयम नमामो वयं आदि गीतों का गान किया।राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता के प्रांतीय संयोजक संजय राधू ने जानकारी देते हुए बताया कि समूहगान प्रतियोगिता भारत विकास परिषद के संस्कार सूत्र के अंतर्गत आने वाली एक महत्वपूर्ण प्रतियोगिता है जिसमें हिंदी तथा संस्कृत ा करती है।उन्होंने बताया कि इस वर्ष रुद्रपुर नगर की चारों शाखाओं, रुद्रपुर शाखा, विवेकानन्द शाखा, शहीद ऊधम सिंह शाखा तथा वीर सावरकर शाखा द्वारा संयुक्त रूप से रुद्रपुर शाखा के नेतृत्व में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रांतीय संयोजक (संस्कार) पारुल गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष की विजेता जेसीज पब्लिक स्कूल की टीम 3 सितम्बर को रुद्रपुर में आयोजित होने वाली प्रांत स्तर की प्रतियोगिता में भाग कोलंबस पब्लिक स्कूल, स्टोन रिज इंटरनेशनल स्कूल, रेनबो पब्लिक स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय, मेंस प्राइड स्कूल, इंडियन पब्लिक स्कूल, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, द ऑक्सफोर्ड अकैडमी, माउंट लिट्रा जी पब्लिक स्कूल, कृष्ण इंटर कॉलेज, आरएएन, पब्लिक स्कूल भूरारानी, फिफ्थ सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, लालपुर पब्लिक स्कूल, विजडम पब्लिक स्कूल, एमिनिटी पब्लिक स्कूल, जेसीज पब्लिक स्कूल, पब्लिक स्कूल, महर्षि विद्या मंदिर, डीखएखवीख पब्लिक स्कूल, क्रिम्सन वर्ल्ड स्कूल ने प्रतिभाग किया। उन्होंने परिषद की ओर से सभी विद्यालयों के प्रबंधन का धन्यवाद किया। हिंदी तथा संस्कृत गीतों के पश्चात निर्णायकों द्वारा दिए गए अंकों के आधार पर विजेता टीम की घोषणा की गई। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली जेसीज पब्लिक स्कूल, द्वितीय स्थान प्राप्त दिल्ली पब्लिक स्कूल की टीम तथा तृतीय स्थान प्राप्त एमिनिट पब्लिक स्कूल की टीम को क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा तथा परिषद के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष विजय भूषण गर्ग ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने अपने संबोध न में छात्र छात्राओं के लिए परिषद द्वारा आयोजित की जाने वाली इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के लिए भारत विकास परिषद की रुद्रपुर नगर की चारों शाखाओं के पदाधिकारियों और सदस्यों का उत्साहवर्धन करते हुए सभी छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।उपस्थित निर्णायकों को का संचालन गुंजन खेड़ा, श्रेया मिड्ढा, प्रविषी अरोड़ा, पूनम गुप्ता, ज्योति सुखीजा, अंजू ग्रोवर, शिखा अरोड़ा, शालिनी अग्रवाल ने मिलकर किया। कार्यक्रम में प्रांतीय पर्यवेक्षक नरेश कंसल, शाखा समन्वयक मनोज अरोरा, संजय ठुकराल, सुरेंद्र मिड्ढा, राजकुमार खनिजो, कैलाश अग्रवाल, सुरेश बब्बर, राजेंद्र सहाय, दीपक अरोड़ा, संजय खेड़ा, राजकुमार बिंदल, दिवाकर पांडे, अरुण अग्रवाल, शरद गुप्ता, शशांक गुप्ता, हरीश ग्रोवर, अभि अग्रवाल, कैलाश राजपूत, अक्षय गहलोत, केवल कृष्ण ईश्पुजनी, संजीव अरोड़ा, विशाल खेड़ा, पवन मिगलानी, सुनील ठुकराल, रवि सिडाना, विनय बंसल, मुकेश अग्रवाल, विकास गुंबर, सनी धवन, अमन अरोरा, सचिन सिंगला, अर्जुन मिड्ढा, जतिन अग्रवाल, विपिन लूथरा, रेखा अरोरा, सुनीता खेड़ा, सीमा बिंदल, गीतिका मिगलानी, अनुभा गुप्ता, पारुल गुप्ता, अंशुल टंडन, प्रियंका अग्रवाल, रीना अग्रवाल, ईशा नारंग, रीमा आदि मौजूद थे।

KOTIA ENTERPRISES
शुद्ध तेल खाओ, जीवन लम्बा बनाओ!
वीर कच्ची घानी
शुद्धता में सर्वोत्तम
100% Pure
होम डिलीवरी उपलब्ध
Ward No.16 Kichha Road, Bagwara Rudrapur (U.S.Nagar)
Veer Singh Virk
Managing Director
Mob.+919837146811,7500035083
Email:veersingh.bagwara@gmail.com
खल सरसों (लाही) गेहूं (कनक)/धान/मटर/सोयाबीन,उच्च मूल्य पर खरीदने बेचने के लिए संपर्क करें

आवश्यकता है
बैंक ऑफ बड़ौदा एवं एचडीएफसी बैंक के कलैक्शन हेतु जसपुर, काशीपुर, बाजपुर, गदरपुर, रूद्रपुर, सितारगंज, खटीमा, टनकपुर आदि के लिए युवकों की। जिसके पास स्वयं का वाहन हो।
शैक्षिक योग्यता-: न्यूनतम इंटरमीडिएट बायोडाटा तथा समस्त शैक्षिक प्रमाणपत्र के साथ सम्पर्क करें।
Meerut Collection Center B-38 Adarsh Calony Near Balaji Mandir Rudrapur
Mo.9756290004,7668534391,8057772107

जगदीश कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# कृषि शिक्षा स्टार्टअप से किसानों को बना सकते हैं सशक्त : प्रो. पुनीत द्विवेदी

## गूगल मीट पर उन्नत कृषि चौपाल आयोजित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। कृषि उद्यमियों के लिए असीम संभावना मौजूद हैं। प्रौद्योगिकी का उपयोग करके कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाई जा सकती है। कृषि उद्यमियों का देश की कृषि के वातावरण परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। सरकार कृषि और उद्यमीकरण पर ध्यान केंद्रित करने के साथ, कृषि के विभिन्न स्टार्टअप संभावनाओं का अन्वेषण करें। कृषि-शिक्षा स्टार्टअप से ही भारत के किसानों को सशक्त बना सकते हैं। उक्त विचार रूर्बन एग्रीप्रेन्योर्स इनक्यूबेशन फाउंडेशन द्वारा गूगल मीट पर आयोजित उन्नत कृषि चौपाल में "कृषि उद्यमिता के अवसरों" पर माडर्न ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट इन्दौर के समूह निदेशक और इनक्यूबेशन के एक्सपर्ट प्रो. पुनीत कुमार दिवेदी ने कही। उन्होंने कहा कि भारत को हमेशा से अपनी समृद्ध कृषि विरासत के लिए जाना जाता है, और कृषि ने अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एग्रीप्रेनर्स के लिए विभिन्न स्टार्टअप अवसरों की बात करते हुए उन्होंने कहा कि एग्री-टेक स्टार्टअपस एग्रीप्रेनर्स के लिए सबसे बड़ी उम्मीद लेकर आई है। प्रौद्योगिकी में प्रगति के साथ स्टार्टअप्स, कृषि, फसल मॉनिटरिंग और उत्पादन की भविष्यवाणी जैसे क्षेत्रों में नवाचारी समाधान के लिए आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और डेटा विश्लेषण का लाभ उठा सकते हैं। खाद्य प्रसंस्करण स्टार्टअप्स से पैकेजिंग, संरचना, और मानक- वर्धित उत्पादों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। जैविक खेती स्टार्टअप से घरेलू और वैश्विक रूप से जैविक उत्पादों की मांग में वृद्धि हो रही है। एग्री-इनपुट स्टार्टअप से कृषि क्षेत्र बीज, खाद और कीटनाशक जैसे इनपुट निर्भर करता है। एग्रीप्रेनर्स के लिए एक और रोचक अवसर खेत से फोर्क की अवधारणा है। ये स्टार्टअप्स किसानों और उपभोक्ताओं के बीच एक सीधा संपर्क स्थापित करके गुणवत्तापूर्ण अपने उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं को बेच सकते हैं। एग्री-फाइनेंस स्टार्टअप्स खरीदारी और विक्रय के लिए वित्तीय समाधान प्रदान कर रहें हैं। कृषि-शिक्षा स्टार्टअप किसानों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता और ज्ञान साझा कर किसानों को सशक्त बना रहें हैं। कृषि-व्यापार मार्केटप्लेस स्टार्टअप से उत्पाद बेचने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि कृषि- अपशिष्ट प्रबंधन स्टार्टअप, ग्रामीण पर्यटन और कृषि- पर्यटन भी लोकप्रिय हो रहा है। ये स्टार्टअपस पर्यावरणीय प्रदूषण को कम करने के समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता है। एमएसपी का लाभ केवल बड़े किसान ही उठा पातें है। हमें उत्पादन की लागत घटाने पर काम करना होगा। कृषि सम्बन्धित रणनीतियों में परिवर्तन कर ही




साथ ही नई राजस्व स्रोत बना सकते हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ. हरनाम सिंह ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। कृषि में पश्चिम का माडल अपनाने से उत्पादन लागत बढ़ी है जो कृषकों की दशा खराब कर रही है। भूमि की उर्वरा शक्ती घट रही है। एमएसपी से सभी किसानों की विकास को पोषणीय और टिकाऊ बना सकतें है। जबतक कृषको को स्वावलंबी नहीं बनायेगें तब तक भारत स्वावलम्बी नहीं होगा। कृषि और कृषि से सम्बन्धित गतिविधियों पर जिनकी आजीविका निर्भर है वह सभी किसान है। ग्रामीण औद्योगीकरण से जमीन पर बोझ कम होगा। उन्नत कृषि चौपाल का उद्देश्य युवाओं में कृषि स्टार्टअप की संभवनाओं के प्रति जागरूकता फैलाना है। रूर्बन एग्रीप्रेन्योर्स इनक्यूबेशन फाउंडेशन के निदेशक एवं उद्यमी प्रियांक मोहन ने कहा कि रैफ शोधकर्ताओं, इनोवेटर्स और प्रौद्योगिकी प्रदाताओं को एक प्लेटफोर्म पर लाकर कृषि उद्यमियों, स्टार्टअप इनक्यूबेटीज, छोटे, सीमांत किसानों और कृषि से जुड़े हितधारकों की आजीविका में बृद्धि कर रहा है। उन्नत कृषि चौपाल कृषि उद्यमिता को बढ़ावा देने की ही एक पहल है। नवाचार और प्रौद्योगिकी के माध्यम से टिकाऊ खेती के उपाय बताते है। चौपाल का उद्देश्य प्राकृतिक-जैविक खेती को बढ़ावा देना और इसके बारे में जागरूकता पैदा करना है। कृषि आधारित उद्योगों में नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करना, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में महिला किसानों को बढ़ावा देना, कृषि, बागवानी, डेयरी, पशु चिकित्सा और मत्स्य पालन में रणनीतिक साझेदारी स्थापित करना है। सभी हितधारकों के बीच क्रॉस-प्लेटफॉर्म ज्ञान विनिमय को सक्षम करना, तकनीकी- अभिनव विकास को स्वीकार कर प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग के लिए उद्योगों को सहायता और बढ़ावा देने के साथ ही कृषि में स्टार्ट-अप संस्कृति को प्रोत्साहित करना है। जिससे सस्टनेबल डेवलप्मेंट लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। चौपाल का सञ्चालन रैफ के जनसंपर्क प्रबंधक हरप्रीत सिंह ने किया। चौपाल में प्रतिभागियों ने कृषि स्टार्टअप्स से सम्बन्धित अपनी ज्यसों का समाधान वक्ताओं से प्राप्त किया। चौपाल में आईपीएल बिओलोगिकल लिमिटेड के महाप्रबंधक रवि सिंह भदौरिया, लोक भारती के श्रीकृष्ण चौधरी, जम्मू से डॉ. परमेन्द्र सिंह, जयपुर से समर सिंह, साऊथ बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय से डॉ. चंदना सुबा, लखनऊ विश्व विद्यालय से डॉ. दिनेश यादव, डॉ. जितेन्द्र कुमार, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. विपिन पाण्डेय, डॉ. ताहिरा अख्तर, डॉ. जिया अफरोज, डॉ. अजय सिंह, डॉ. लक्ष्मण सिंह, प्रो. रविन्द्र सैनी, डॉ. संतोष यादव, डॉ. सुनील यादव, डॉ. संदीप बालियान, डॉ. जीतेन्द्र यादव, डॉ. लाल चन्द्र कौशल, डॉ. तृप्ति दीक्षित, राम जी भाई, प्रवीण जोशी, रवि जायसवाल, संजीव सक्सेना, अनंत शर्मा, अभिषेक मिश्र एवं डॉ. तृप्ति दीक्षित सहित रैफ से जुड़े सदस्यों ने चौपाल में प्रतिभाग किया।

# जिलाधिकारी ने सभी चीनी मिल प्रबन्धकों को पैराई सत्र समय से शुरू कराने के दिए निर्देश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गन्ना पेराई सत्र की तैयारियों हेतु जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने पैराई सत्र समय से शुरू कराने के निर्देश सभी चीनी मिल प्रबन्धकों को दिये। उन्होंने पेराई सत्र समय से शुरू कराने हेतु मेंटीनेन्स सहित सभी आवश्यक तैयारियां 31 अक्टूबर से पहले हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कार्मिकों के लिए सभी सुरक्षत्मक उपाय करने तथा बिजली के तारों को किसी भी हाल में खुला न छोड़ने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि चीनी मिलों की मांग के अनुरूप गन्ना क्षेत्र विस्तारीकरण हेतु उत्तर प्रदेश शासन में पत्राचार किया जाये।उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि चीनी मिल समय से शुरू हों, मिल्स बहुत अच्छे ढंग से संचालित हों तथा पर्ची वितरण व्यवस्था उचित हो और किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। डीएम ने यह भी निर्देश दिये कि पैराई सत्र के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में संचालित होने वाले कोल्हूओं पर किसानों को गन्ने का (एफआरपी) उचित एवं लाभकारी मूल्य दिलाने के निर्देश सहायक गन्ना आयुक्त को दिये। उन्होंने प्रदूषण फैलाने वाले कोल्हूओं पर सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी को दिये। अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह ने पेराई सत्र 2023-24 में चीनी मिलों को उलब्ध होने वाले गन्ने की अनुमानित मात्रा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नादेही चीनी मिल में 28.94 लाख कुन्तल, बाजपुर में 38 लाख कुन्तल, किच्छा में 38 लाख कुन्तल तथा सितारगंज में 32 लाख कुन्तल है। उन्होंने चीनी मिलों की लेनदारियों तथा देनदारियों के विषय में भी विस्तार से जानकारी दी। बैठक में जीएम विवेक प्रकाश, त्रिलोक सिंह मर्तोलिया, हरबीर सिंह, सहायक गन्ना आयुक्त कपिल मोहन, सहित राजीव लोचन शर्मा, अमर शर्मा, अतुल कुमार चौहान, नारायण सिंह, बीरसैन राठी, एसके मिश्रा, डीसी पाण्डे आदि उपस्थित थे।



# स्टेडियम में निर्माणाधीन बहुद्देश्य हॉल का सीडीओ ने किया निरीक्षण

## निर्माण कार्य में गुणवत्ता के समझौता नहीं किया जायेगा : मिश्रा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने मनोज सरकार स्टेडिम पहुँचकर 30.88 करोड़ की लागत के निर्माणाधीन बहुद्देश्य हॉल का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये कि हॉल निर्माण कार्य समयबद्धता से दिसम्बर 2023 तक पूर्ण किया जाये और निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ किसी भी दशा में समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने निर्देश दिये कि निर्माण कार्य में यह भी सुनिश्चित कराया जाये कि लैब में जिस निर्माण सामग्री की जॉच करायी जा रही है, वही परीक्षण युक्त मटेरियल निर्माण कार्यों में उपयोग किया जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों की सुविधा के लिए हॉल में सभी आवश्यक कार्य किये जाये और यदि कहीं पर बदलाव की आवश्यकता हो तो उसका प्रस्ताव बनाया जाये। उन्होंने खिलाड़ियों के बैठने, रूकने की व्यवस्था, दर्शक दीर्घा, वॉश रूम, प्रशासनिक भवन, बहुद्देश्य हॉल से पानी की निकासी का भी विकल्प रखने, प्रवेश द्वारों, मीडिया कवरेज हेतु पत्रकार बन्धुओं के लिए की जा रही व्यवस्था आदि के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को दिये। उन्होंने वेलोड्रम निर्माण कार्य शीघ्रता से शुरू कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। निरीक्षण के दौरान जिला क्रीड़ा अधिकारी गिरीश कुमार, जिला सूचना अधिकारी अहमद नदीम, जेई सत्यम पाण्डे आदि उपस्थित थे।



# एश्वर्य बाजपेयी को गोल्ड मेडल के साथ मिली एमडी डॉ.की उपाधि

गदरपुर(उद संवाददाता)। देहरादून में हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखंड चिकित्सा शिक्षा विश्विद्यालय के दीक्षांत समारोह में विवि के कुलाधिपति ले. जन. गुरमीत सिंह(सेनि.) द्वारा हल्द्वानी मेडिकल कालेज के छात्र एवं गदरपुर निवासी द्रोण कुमार बाजपेयी के होनहार सुपुत्र एश्वर्य बाजपेयी को एमडी गोल्ड मेडल के साथ डॉक्टर की उपाधि से नवाजा गया। समारोह में एश्वर्य बाजपेयी को विवि के कुलाधिपति ले. जन. गुरमीत सिंह(सेनि.) द्वारा गोल्ड मेडल के साथ एमडी डॉक्टर की उपाधि प्रदान की गई। गदरपुर के डॉ. एश्वर्य के गोल्ड मेडल मिलने पर यहां के विभिन्न संगठनों से जुड़े लागों एवं जनप्रतिनिधियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए डॉ.एश्वर्य के परिवार को बधाई देते हुए एश्वर्य के उज्जवल भविष्य की कामना की है। डॉ एश्वर्य बाजपेयी कक्षा 10 से ही होनहार छात्र रहा और उसने कक्षा 10 से ही टॉप करते हुए मेडिकल परीक्षा भी गोल्ड मेडल से प्राप्त कर की। अब डॉ. एश्वर्य बाजपेयी ने एमडी से डॉ. की उपाधि भी गोल्ड मेडल से प्राप्त कर गौरव प्राप्त कर उत्तराखंड के साथ-साथ जनपद एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यहां यह भी बता दें कि डॉ एश्वर्य बाजपेयी के दादा स्व. श्रीनाथ बाजपेयी अंग्रेजी के एक जाने माने प्रवक्ता थे और उनके पढ़ाये गये सैकड़ो छात्र आज कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत है और कई सेवानिवृत भी हो चुके है। एश्वर्य के पिता डीके बाजपेयी भी अपने समय में एक होनहार छात्र रहे है और किसान सहकारी चीनी मिल गदरपुर में कई वर्षो तक सर्विस करने के बाद अपने परिवार के साथ रह रहे है। श्री डीके बाजपेयी एवं उसकी पत्नी को भी अपने पुत्र की इस सफलता पर काफी गर्व है और पुत्र को गोल्ड मेडल प्राप्त करते देख काफी खुश है। वहीं एश्वर्य की सफलता पर नगर व क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक, राजनैतिक एवं धार्मिक संगठनो से जुड़े लोगों ने बधाई देते हुए डॉ एश्वर्य के उज्वल भविष्य की कामना की है।

## एश्वर्य ने कक्षा 10वीं पास करने के बाद ही बना लिया था डाक्टर बनने का लक्ष्य

गदरपुर। गोल्ड मेडलिस्ट डॉ एश्वर्य बाजपेयी ने कुछ दिन पूर्व हुई मुलाकात के दौरान बताया कि जब वह हाईस्कूल में सवोच्च अंक लेकर पास हुए थे



तब मेरे से पूछा गया कि आप क्या बनेगें तो मैंने कहा था कि मैं डाक्टर बनकर सेवा करुगा। डॉ एश्वर्य ने कहा कि तब से मैंने निर्णय ले लिया था कि मैं डाक्टर बनूंगा जो कि आज गोल्ड मेडल के साथ एमडी की उपाधि के साथ डॉक्टर बनकर अपने सपनों को साकार किया है। डॉ एश्वर्य की बात से यह संदेश जाता है कि छात्र जो निर्णय अपने मन में घारण कर ले उसे पूरा करना कठिन नहीं होगा। डॉ. एश्वर्य बाजपेयी इस क्षेत्र के अब तक के पहले छात्र होंगे जिन्होंने गोल्ड मेडल के साथ एमडी की डॉक्टर की उपाधि प्राप्त की है।

# तीसरी आंख बनकर पुलिस की मदद करते हैं पुलिस वालिंटियर्सः आईजी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस महानिरीक्षक कुमायूँ परिक्षेत्र डॉ. नीलेश आनन्द भरणें द्वारा जनपद नैनीताल के हल्द्वानी में पुलिस वालिन्टिर्यस के साथ गोष्ठी जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उन्होंने बताया कि पुलिस वॉलिन्टियर ऐसे स्थानों पर जहाँ पुलिस मौजूद नहीं हो सकती है, पुलिस की तीसरी आंख बनकर पुलिस की सहायता करते हैं।पुलिस वॉलिन्टियर का मुख्य दायित्व है कि वे पुलिस को अच्छे कार्यों हेतु सहायता व किसी गलती में आईना दिखाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि पुलिस वॉलिन्टियर व्यवस्था को पुनः सुदृढ़ करते हुए नए वॉलिन्टियर्स जो पुलिस की सहायता के इच्छुक हैं नियुक्त किए जायेंगे। तथा युवाओं व स्कूल कॉलेज के अधिक से अधिक छात्रों को जोड़ा जायेगा। साथ ही रेंज स्तर पर सभी पुलिस वॉलिन्टियर्स का सम्पूर्ण डॉटा रखा जायेगा। उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों को भी मॉनीटर किया जायेगा। अच्छे कार्यों हेतु वॉलिन्टियर्स को समय-समय पर सम्मानित किया जायेगा। वहीं निष्क्रिय वॉलिन्टियर का रजिस्ट्रेशन निरस्त किया जायेगा व उसके स्थान पर किसी अन्य जो कार्य करने का इच्छुक हो, को वॉलिन्टियर नियुक्त किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनपदों के अधिकारियों को निर्देशित किया जायेगा कि वे समय समय पर वॉलिन्टियर व्यवस्था को चौक करें व जनपद/थाना स्तर पर गोष्ठी आयोजित करें। जिससे पुलिस वॉलिन्टियर्स में ऊर्जा का संवहन होगा। ट्रैफिक वॉलिन्टियर अपनी सेवा क्षमतानुसार, विकेन्ड पर अथवा पीक ऑवर में दे सकते हैं। गोष्ठी के बाद सभी जनपदों से आये डिजिटल, ट्रैफिक, आपदा, ड्रग्स वॉलिन्टियर्स, तथा पुलिस के लिए अच्छा कार्य करने वालों को प्रसंशा पत्र देकर सम्मानित किया गया।



# मासूम बेटे की मां ने फांसी लगा की आत्महत्या

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। टीपीनगर चौकी क्षेत्र में एक विवाहिता ने अज्ञात कारणों के चलते घर में ही चार वर्ष के मासूम बेटे को रोता बिलखता छोड़ फांसी का फंदा लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। जानकारी के अनुसार मूल रूप से ग्राम जाखनी उप्रेती गंगोलीहाट जिला पिथौरागढ़ निवासी 26 वर्षीया दिव्या भंडारी यहां टीपीनगर चौकी क्षेत्र के सद्भावना एंक्लेव में किराये के मकान में रहती थी। उसके साथ चार साल का बेटा भी रहता है। दिव्या का पति पूरन सिंह भंडारी बरेली में एक होटल में कार्य करता है। गत दिवस मकान मालिक ने देखा कि दिव्या अपने कमरे में फांसी के फंदे से लटकी है। तो उनके होश उड़ गये। इसकी सूचना उसने तुरन्त पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा खोल कर दिव्या को फंदे से नीचे उतारा और अस्तपाल ले गये। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चौकी इंचार्ज पंकज जोशी ने बताया कि सूचना के बाद दिव्या का पति यहां पहुंच गया है। पुलिस घटना की गहनता से जांच कर रही है। फिलहाल फांसी लगाने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। मृतका के मायके वालों को भी सूचित कर दिया गया है।

# विधायक बेहड़ ने मलसा गिरधरपुर पहुंचकर ग्रामीणों के धरने को दिया समर्थन

किच्छा (उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ग्राम मलसा गिरधरपुर पहुंचे जहाँ उन्होंने ग्रामीणों द्वारा विभिन्न मोंगों को लेकर दिये जा रहे धरने को अपना समर्थन दिया। धरनारत ग्रामीणों की मांग है कि नैशनल हाईवे-09 रुद्रपुर की तरफ से किच्छा बरेली रोड की तरफ जाने वाले भारी वाहन देवरिया में लगने वाले टोल टेक्स को बचाने की नियत से इस लिंक रोड का निरंतर प्रयोग करते है। जिस कारण इस लिंक रोड में भारी वाहनों का आना-जाना रहता है। इससे समय-समय पर सड़क टूट जाती है व जान माल का खतरा बना रहता है। जिसका खामियाजा ग्रामवासियों को भुगतना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इस लिंक रोड में अनेकों औधौगिक इकाईयाँ भी कार्यरत्त है। इन इकाईयों द्वारा प्रयोग में लिए जाने वाले पानी को सड़क में बहा दिया जाता है जिस कारण भी जलभराव होने से सड़क जल्दी टूट जाती है। विधायक बेहड़ ने ग्रामवासियों के इस धरने को जायज बताते हुए अपना समर्थन देते हुए 3 घंटे तक स्वंय ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठे। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि इस विषय में उनके द्वारा एक पत्र जिलाधिकारी को लिखा गया है जिसमें इस सड़क पर भारी वाहनों के आने जाने पर रोक लागने का कहा है। साथ ही उन औधौगिक इकाईयों के खिलाफ कार्यवाही करने को कहा है जो अपनी इकाईयों का प्रयोग किया पानी नाले में न बहाकर इस सड़क पर छोड़ देते है। अनेकों विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा विधायक तिलक राज बेहड़ के साथ समस्या के निदान हेतु एक बैठक की। जिसमें विधायक बेहड़ ने लोक निर्माण विभाग को कड़े शब्दों में जल्द ही सड़क के गड्ढे भरने के आदेश दिए तथा जिन औधौगिक इकाईयों का पानी सड़क पर छोड़ा जाता है उनको एक हफ्ते के अंदर अपना नाला बनाकर पानी उसमे डालने के निर्देश दिए वर्ना एक हफ्ते बाद लोक निर्माण विभाग उनके निर्माण पर नाला खोदने की कार्यवाही प्रारम्भ कर देगी तथा जो भी भारी वाहन टोल व सेल टेक्स की चोरी बचाने की नियत से इस सड़क से होकर गुजरते है उनके खिलाफ पुलिस कार्यवाही करते हुए पिकेट लगाकर 24 घंटे वहां तैनात रहेगी। इस मार्ग पर अवेध रूप से निकलने वाले वाहनों पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। विधायक बेहड़ से सभी मांगो पर आश्वासन मिलने के पश्चात ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया। इस दौरान तहसीलदार रुद्रपुर पूजा शर्मा ,कोतवाल रुद्रपुर विक्रम राठौड़, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता प्रकाश लाल आदि अधिकारी तथा ग्राम प्रधान खुमरिया हरविन्द्र सिंह, ग्राम प्रधान चकोनी राजेन्द्र सिंह, यामिन अंसारी शिमला प्रधान, लक्ष्मण दास बांगा, तीरथ मुंजाल ,गोल्डी मुंजाल, शुभम सुखीजा, डॉ. हरभगवान रहेजा , रिशु सलूजा, सुरेश प्रधान मलसा,रणजीत सिंह ,नवीन बांगा समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।





# एसबीआई एससी एसटी कर्मचारी कल्याण एसो. हल्द्वानी का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसबीआई एससी/एसटी कर्मचारी कल्याण एसोशियशन हल्द्वानी का वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता जेपी गुरावा पूर्व महासचिव आरबीआई एससी / एसटी कर्मचारी कल्याण संघ एवं बुद्धिष्ट कर्मचारी संघ, दिल्ली ने एवं संचालन आरपी टम्टा, उप महा सचिव (सेवा) हल्द्वानी अँचल द्वारा किया गया। अधिवेशन में मुख्य अतिथि जीवन चंद्र बेरी भूत पूर्व उप निदेशक, पर्यटन, उत्तराखण्ड सरकार, विशिष्ट अतिथि डीएन झा उप महा प्रबन्धक एसबीआई प्र. का. हण्द्वानी, विशेष अतिथि बीएस निर्मल,



अध्यक्ष सेवा दिल्ली सर्किल एवं विभिन्न अंचलों से आये डीजीएस / एजीएस एवं अन्य प्रतिनिधिगण जिसमे प्रीतम सिंह आर्य, देहरादून देवकीनन्दन नोयडा अविनाश कुमार आगरा की अमित कुमार मेरठ सहसपुर अपनी टीम के साथियों के साथ मौजूद थे। हल्द्वानी अंचल के उपाध्यक्ष विद्यासागर द्वारा संगठन की गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी तथा अधिवेशन में उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। अधि वेशन में एसबीआई आफीसर एसोशियशन हल्द्वानी अंचल के उपाध्यक्ष राजीव कुमार भी मौजूद रहे। श्री योगेश कुमार सैनी हल्द्वानी द्वारा, एससी एसटी एवं निर्बल वर्ग हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी।

# पिछले कई वर्षों से बागेश्वर का विकास हुआ है ठप : सुमित हृदयेश

बागेश्वर (उद संवाददाता)। उपचुनाव को लेकर हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश कांग्रेस प्रत्याशी एडवोकेट बसंत कुमार के समर्थन में यहां पहुँचे और उन्होंने बागेश्वर विधानसभा क्षेत्र के गरुड़ क्षेत्र में ग्राम वज्यूला, पास्तोली, सब्जीसेरा, अयारतोली, चौरसु, कोठु, बिनखोली में घर घर पहुँचकर प्रचार प्रसार किया और स्थानीय लोगो से कांग्रेस प्रत्याशी एडवोकेट बसंत कुमार के पक्ष में मतदान करने की अपील की। विधायक सुमित ने कहा कि पिछले कई वर्षों के बागेश्वर का विकास ठप हो चुका है। जिससे स्थानीय लोग बहुत परेशान हैं और अब भाजपा



इस उपचुनाव में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर बाहरी लोगो के माध्यम से मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए पूरे विधानसभा क्षेत्र में खुलेआम धन व शराब बाट रही है। जो लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत हैं। विधायक सुमित ने कहा कि भाजपा सरकार जितना भी धनबल लगा ले लेकिन इस बार बागेश्वर की देवतुल्य जनता ने अपना मन कांग्रेस प्रत्याशी को विजय बनाने के लिए मन बना लिया हैं। जनभ्रमण में उनके साथ दिनेश परिहार, ललित परिहार, देवेंद्र कुमार, भगवान टाकुली, बलवन्त रावत, कैलाश पंवार, शंकर राम आर्या, नरेंद्र कुमार, पुरन नाथ गोस्वामी, महेश गोस्वामी, कुंदन गोस्वामी, पनीराम, दीपक कुमार, महेश पाण्डे, शिव नाथ, नवीन कुमार, सोनु वर्मा, मयंक भट्ट सहित अन्य कांग्रेसजन शामिल रहे।

# एकल विद्यालय की बहनों ने पुलिस कर्मियों को बांधी राखी

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। भाई बहन का पवित्र त्यौहार रक्षा बंधन पर पर एकल विद्यालय की बहनों ने थाना परिसर में पहुंचकर थाना अध्यक्ष देवेंद्र गौरव, एसआई संजय कुमार एवं पुलिस कर्मियों की कलाई में राखी बांधकर मुंह मीठा कराया और उनकी लंबी आयु की कामना की। थाना अध्यक्ष ने देवेंद्र गौरव ने एकल विद्यालय की आचार्य बहनों को रक्षा के वचन के साथ उपहार



भी दिए। इसके बाद पूरे थाने का माहौल कुछ पल के लिए अनूठे प्यार के अनोखे बंधन में सराबोर हो गया। देवेंद्र गौरव ने कहा है कि घर से दूर रहकर भी बहनों सरीखा प्यार और रक्षा बंधन पर्व का आयोजन से मन में एक अपनेपन का एहसास होता है। ई शिक्षा सच प्रमुख सरोजनी राणा ने ने कहा है कि पुलिस कर्मी घर से दूर रहकर हमारी सुरक्षा करते हैं ताकि हम आराम से अपना त्यौहार मना सके। एकल विद्यालय के उपाध्यक्ष उमेश अग्रवाल, रमिता देवी, पूजा जोशी, मगेश्वरी राणा ,बबली राणा, नीतू राणा, सपना राणा, रूबी राणा, बबली, शालिनी, शबनम गीता देवी मनीषा साधना पार्वती आदि बहिनें मौजूद थीं।

# एसएसपी ने यूनियन की मांगों पर कार्रवाई का दिया आश्वासन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सिडकुल पंतनगर स्थित समाज आटोमोटिव कारखाने द्वारा निकाले गए 41 स्थाई मजदूरों के समर्थन में निकलने वाले जुलूस को एसएसपी के आश्वासन पर स्थगित किया गया। पीडीपीएल मजदूर यूनियन ने श्रम विभाग के मजदूरों के साथ अन्यायपूर्ण रवैये को देखते हुए सोमवार को श्रम विभाग के खिलाफ सिडकुल चौक से लेकर श्रम विभाग तक जुलूस निकालने का आवाह्न किया था। तमाम श्रमिक संगठन भी समर्थन में पहुंचे। लेकिन एसएसपी महोदय के आश्वासन पर जुलूस को स्थगित कर दिया गया। एसएसपी महोदय ने आज ही समाज आटोमोटिव मैनेजमेंट से वार्ता करके जल्द ही यूनियन की मांगों पर कार्रवाई करवाने का आश्वासन दिया है। यूनियन के अध्यक्ष प्रकाश सिंह चिलवाल ने कहा कि यदि शीघ्र ही हमारी मांगों पर कार्यवाही नहीं की गई तो फिर आंदोलन को व्यापक बनाते हुए पांच सितंबर से भूख हड़ताल की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि या तो समाज आटोमोटिव प्रबंधन 41 स्थाई मजदूरों की कार्य बहाली करें या फिर कानूनन प्रत्येक मजदूर को उसकी बची हुई नौकरी का हिसाब किताब दे।इस अवसर पर सिडकुल चौक में समाज आटोमोटिव प्रबंधन और श्रम विभाग के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। इस दौरान भाकपा (माले)जिला सचिव ललित मटियाली, ईन्ट्रार्क मजदूर संगठन के राजेश कुमार, बजाज मोटर यूनियन के हीरा सिंह राठौर, हेम दुर्गापाल, जगमोहन डसीला, नरेंद्र पनेरु, चंद्रदेव, कैलाश भट्ट, अजीत गंगवार, रामानंद , यशपाल, सत्यपाल ,जयपाल सिंह, राकेश कुमार, जीवन राम, यशपाल , उपेंद्र कुमार, शैलेंद्र सिंह, हारून, पुरुषोत्तम , केशव प्रसाद , सूरजपाल ,ओमप्रकाश, राजेश कुमार, करन सिंह ,लक्ष्मण सिंह ,ललित सिंह ,श्रवण कुमार, जगदंबिका प्रसाद, चरण सिंह, अरविंद वर्मा , नागेंद्र चौहान आदि मजदूर उपस्थित थे।



# सपा प्रदेश प्रभारी मतीन ने बागेश्वर में किया चुनाव प्रचार

बागेश्वर (उद संवाददाता)। बागेश्वर विधानसभा उप चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी भगवती प्रसाद त्रिकोटी के समर्थन में समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने दर्जनो साथियों के साथ विधानसभा क्षेत्र के गरूड के टीट बाजार, मुख्य बाजार, बैजनाथ एवं गागरीगोल आदि में



जनसम्पर्क कर लोगो को पार्टी की नीतियों एवं विचारों से अवगत कराया। जन सम्पर्क के उपरान्त टीट बाजार में आयोजित बैठक को सम्बाधित करते श्री सिद्दीकी ने कहा कि राज्य की जनता भाजपा व कांग्रेस की नूराकुश्ती से तंग आ चुकी है। दोनो ही की सरकारो ने जनता लूटने का काम किया। उत्तराखण्ड की सबसे बडी हितेषी सिर्फ समाजवादी पार्टी ही हैं। बैठक को अतुल शर्मा, अरशद अय्युब, उमैर मतीन, गौरव गुप्ता, एवं रेहान मलिक आदि ने सम्बोधित किया।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## नीरज का बेहतरीन प्रदर्शन

हौसला कायम रहता है तो कीर्तिमानों की ओर बढ़ते रहने का सफर आसान हो जाता है। नीरज चोपड़ा के मामले में यह बात हकीकत बन कर सामने आ रही है। वे लगातार अपनी काबिलियत साबित कर रहे हैं। वे हर अगली प्रतियोगिता में पहले से बेहतर प्रदर्शन करते हैं और इसके साथ दुनिया में देश का नाम रोशन करने की उम्मीद को और आगे लेकर बढ़ रहे हैं। रविवार को बुडापेस्ट में चल रहे एथलेटिक्स विश्व चौंपियनशिप में जब उन्होंने 88.17 मीटर भाला फेंका, तब न केवल इस खेल में, बल्कि इस प्रतियोगिता में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। इसके साथ-साथ उन्होंने अपने प्रदर्शन में लगातार बेहतर करने के सिलसिले को कायम रखा। इस प्रतियोगिता में पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 87.82 मीटर की दूरी तक भाला फेंक कर दूसरा स्थान हासिल किया और रजत पदक जीता। 86.67 मीटर के आंकड़े के साथ तीसरे स्थान पर चेक गणराज्य के याकूब वाडलेच रहे और उन्होंने कांस्य पदक जीता। गौरतलब है कि नीरज चोपड़ा ने तोक्यो ओलंपिक में जब स्वर्ण पदक जीत कर इतिहास रचा था, तब एथलेटिक्स में देश के लिए एक बार फिर नई उम्मीद पैदा हुई। उसके बाद एक तरह से उन्होंने पीछे मुड़ कर नहीं देखा। उनका लक्ष्य 90 मीटर से आगे जाने का है। पहले ओलंपिक की कामयाबी की उड़ान भरने के बाद अब विश्व एथलेटिक्स चौंपियनशिप में भी नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हालांकि यह भी तथ्य है कि भालाफेंक के ताजा प्रदर्शन में उन्होंने दूरी का जो आंकड़ा छुआ, वह उनके सर्वश्रेष्ठ पांच प्रदर्शनों में शामिल नहीं है। बल्कि इस प्रतियोगिता के पहले चक्र में उनके प्रदर्शन को 'फाउल' में गिना गया। लेकिन अगले ही चक्र में उन्होंने अपने भरपूर आत्मविश्वास के बूते जबर्दस्त वापसी की। इसके बाद अगर उन्होंने इसमें सर्वश्रेष्ठ का तमगा हासिल किया, तो इससे भविष्य के लिए एक शानदार उम्मीद पैदा होती है। सच यह है कि हंगरी में आयोजित विश्व एथलेटिक्स चौंपियनशिप में पहुंचने से पहले ही उन्होंने लगभग सभी प्रतियोगिताओं में जैसा प्रदर्शन किया था, उससे उनकी इस उपलब्धि की कड़ियां जुड़ी हुई थीं। दरअसल, अपने प्रदर्शनों में नीरज चोपड़ा 88 मीटर की दूरी को दस बार पार कर चुके हैं और उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ हासिल 89.94 मीटर का रहा है। जाहिर है, विश्व चौंपियनशिप में उनकी इस जीत और बेहतर प्रदर्शन से और बेहतर नतीजों की संभावना पैदा होती है। गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता में नीरज चोपड़ा से पीछे रह कर दूसरा स्थान हासिल करने वाले पाकिस्तान के अरशद नदीम राष्ट्रमंडल खेलों में 90 मीटर की दूरी को पार कर चुके हैं। हालांकि इस बार शुरुआती कई चक्रों में वे भी पिछड़ गए थे। भारत के लिहाज से इस प्रतियोगिता का एक खास पहलू यह रहा कि एक ओर नीरज चोपड़ा सबसे पहले स्थान पर रहे, तो दूसरी ओर भारत के ही किशोर जेना पांचवें और डीपी मानू छठे स्थान पर रहे। यानी इस खेल में भारत के पास एक शृंखला खड़ी हो रही है, जो नीरज चोपड़ा के समांतर भविष्य की चुनौतियों के मैदान में खड़े होंगे। उम्मीद की जानी चाहिए कि जिस तरह नीरज चोपड़ा ने इस खेल में अपने प्रदर्शनों में निरंतरता बनाए रखी, उसी तरह बाकी खिलाड़ी भी उम्मीद की कसौटी पर खुद को साबित करेंगे। नीरज चोपड़ा ने इस भरोसे को इस संदेश के साथ मजबूत भी किया कि भारतीय खिलाड़ी भी इतिहास रच सकते हैं।

# हमेशा जिज्ञासु बने रहें और जीवन में सीखने का निरंतर प्रयास करते रहें छात्र: राज्यपाल

## हेमवती नंदन बहुगुणा चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय के छठवां दीक्षांत समारोह आयोजित

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को हेमवती नंदन बहुगुणा चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। दीक्षांत समारोह में चिकित्सा एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। हिमालयन सांस्कृतिक केन्द्र(सभागार) गढ़ी कैंट में आयोजित डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया। इसके अलावा राज्यपाल ने डॉ. अभिलाष धारीवाल और डॉ. अनिशा नौटियाल को प्रो. एम.सी पंत सर्वश्रेष्ठ शोध पुरस्कार प्रदान किए। दीक्षांत समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए राज्यपाल ने कहा कि चिकित्सा के महत्वपूर्ण क्षेत्र में देश की सेवा करने का आपको यह सुअवसर प्राप्त हो रहा है। चिकित्सा पेशे के रूप निरंतर नए ज्ञान को अपनाएं। प्रत्येक व्यक्ति की समस्याओं को अवश्य सुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सा का क्षेत्र निरंतर विकास की स्थिति में है और अनुकूलन व नवप्रवर्तन की आपकी इच्छा सफलता को परिभाषित करेगी। राज्यपाल ने सभी सफल अभ्यर्थियों से कहा कि आप सभी भारत के अमृतकाल के समय में पास आउट हुए हैं। विश्वगुरू भारत और विकसित भारत के लक्ष्यों को व्यक्ति के भरोसे को हमेशा बनाए रखना आप सभी की पहली जिम्मेदारी होनी चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के किए जा रहे नवीन गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। दीक्षांत समारोह में मानद उपाधि प्राप्त करने वाले महानुभावों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. हेमचंद्र ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों एवं गतिविधियों की




दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने विभिन्न विषयों में उत्तीर्ण 1350 छात्र-छात्राओं को उपाधियां व सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 23 छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल प्रदान किए। इस अवसर पर राज्यपाल ने चिकित्सा एवं चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देने वाले डॉ. युगल के. मिश्रा, प्रो. वाई के. गुप्ता, और प्रो. सूर्यकांत को डॉक्टर ऑफ साइंस(डीएससी) की मानद उपाधि एवं मेजर जनरल स्मिता देवरानी(रि.) व ब्रिगेडियर अमिता देवरानी(रि.) को में पहला कदम रखते ही आप एक बड़ी जिम्मेदारी निभाएंगे। उन्होंने कहा कि मरीजों की सेवा करना, उन्हें ठीक करना, उनके जीवन में एक सार्थक बदलाव लाना आपकी प्राथमिक जिम्मेदारी रहेगी। राज्यपाल ने डिग्रीधारकों से कहा कि आपके द्वारा अर्जित किए गए ज्ञान को वास्तविक रूप में इस्तेमाल किए जाने का समय प्रारंभ हो चुका है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि हमेशा जिज्ञासु बने रहें और जीवन में सीखने का निरंतर प्रयास करते रहें। पूरा करने में आपकी बड़ी भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि भविष्य के लिए आपका कौशल, कार्यों में उत्कृष्टता हमारे समाज के स्वास्थ्य और कल्याण में बहुत योगदान देने वाला होगा। चिकित्सा एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि चिकित्सक का पेशा एक बेहद ही संवेदनशील पेशा है। व्यक्ति को सबसे बड़ा भरोसा अपने चिकित्सक पर रहता है। उन्होंने कहा कि किसी भी जानकारी दी। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. आशीष उनियाल सहित विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे। दीक्षांत समारोह में 1350 अभ्यर्थियों को उपाधियां प्रदान की गई जिनमें पी.एच.डी के 01, एम.डी/एम.एस के 61, एम.बी.बी.एस के 489, एम.फिल के 10, एम.एस.सी नर्सिंग 60, एन.पी.सी.सी के 02, एम.एच.ए के 16, बी.एस.सी नर्सिंग के 600 एवं पोस्ट बेसिक बी.एस.सी नर्सिंग के 111 अभ्यर्थी शामिल हैं।

# मजदूरों की बर्खास्तगी के खिलाफ पद यात्रा का ऐलान

किच्छा (उद संवाददाता)।11 मजदूरों की बर्खास्तगी के खिलाफ इंटरार्क मजदूरों की हुई आम सभा को सम्बोधित करते हुवे पंतनगर प्लांट के यूनियन अध्यक्ष दलजीत सिंह ने कहा कि विगत वर्ष इंटरार्क कंपनी सिडकुल पंतनगर एवं किच्छा में कार्यरत मजदूरों का दोनों यूनियनों के नेतृत्व में जुझारू संघर्ष हुआ था। जिसमें मजदूरों के परिवार की महिलाओं एवं बच्चों की भी भागीदारी रही थी ।उक्त समझौते के समाधान को लेकर जिलाधिकारी द्वारा एडीएम जयभारत सिंह नजूल एवं प्रशासन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कमेटी गठित की गई जिसमें ।लेबर कमिश्नर व एस पी क्राइम भी शामिल थे । समझौते के अनुसार 34 निलंबित मजदूरों की कार्यबहाली कर उनको 3 माह की अवधि के लिए उत्तराखंड राज्य से बाहर विभिन्न साइटों पर भेजा जाना था ।समझौते के तहत सभी 34 मजदूरों की घरेलू जांच होनी थी ।घरेलू जांच कार्यवाही के दौरान एवं पश्चात नौकरी से बर्खास्त नहीं किया जायेगा ।इसी बीच उक्त 34 श्रमिक 1 अप्रैल 2023 को वापस उत्तराखंड लौट आये ।फिर भी उन्हें पंतनगर एवं किच्छा प्लांट में कार्य पर बहाल न किया गया बल्कि उत्तराखंड राज्य से बाहर गैरकानूनी रूप से ट्रांसफर कर दिया गया । उन्होंने मालिक ने एक बार फिर से दिखा दिया है कि उसे जिला प्रशासन एवं उत्तराखंड हाईकोर्ट की तनिक भी चिंता नहीं है ।महामंत्री सौरभ कुमार ने कहा कि आज सहायक श्रमायुक्त रुद्रपुर द्वारा उक्त 11 मजदूरों की बर्खास्तगी के मुद्दे पर ।आम सभा द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया कि 3 सितंबर 2023 को अम्बेडकर पार्क से जिलाधिकारी कार्यालय से जिलाधिकारी कार्यालय तक पदयात्रा निकाली जाएगी और ज्ञापन दिया जायेगा ।अगले कार्यक्रम के



कहा कि उत्तराखंड हाईकोर्ट के आदेश के पश्चात ही उक्त मजदूरों के ट्रांसफर पर रोक लगी । समझौते के तहत बहाल किये गए उक्त 34 मजदूरों में से 11 मजदूरों को 17 अगस्त एवं 22 अगस्त 2023 को नौकरी से बर्खास्त कर समझौते को तार तार कर दिया है । किच्छा प्लांट के यूनियन महामंत्री पान मुहम्मद ने कहा कि इंटरार्क कंपनी त्रिपक्षीय वार्ता बुलाई गई है ।और अपरजिलाधिकारी द्वारा भी आश्वासन दिया गया है कि उनके द्वारा उक्त मसले के निबटारे को अतिशीघ्र वार्ता बुलाई जायेगी। इंटरार्क यूनियन किच्छा के अध्यक्ष हृदयेश कुमार ने कहा कि 11 बर्खास्त मजदूरों सहित सभी 34 मजदूरों की कार्यबहाली न की गई तो वर्ष 2022 से भी ज्यादा उग्र आंदोलन किया जायेगा रूप में रुद्रपुर शहर में मानव सृंखला बनाकर आम जनता को इस प्रकरण से अवगत कराया जायेगा ।पर्चा व पोस्टर जारी कर कंपनी मालिक के उक्त अनैतिक कृत्य का पर्दाफाश किया जायेगा ।इसके अलावा कुमाऊँ कमिश्नर के कार्यालय के समक्ष अतिशीघ्र महिलाओं ,बच्चों व सामाजिक संगठनों संग मिलकर विशाल प्रदर्शन किया जायेगा।

# सातु आंठू पर्व पर गाया गौरा गान

खटीमा(उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 18 में स्थित ज्वाला मंदिर परिसर खटीमा में सातु आंठु पर्व के उपलक्ष में गौरा गान गाया गया। लगभग एक सप्ताह तक चलने वाले इस पर्व में महिलाओं द्वारा भगवान शंकर एवं पार्वती की विधि विधान से पूजा की जाती है । उनका गुणगान किया जाता है। पूजा पाठ के माध्यम से महिलाएं भगवान शंकर जी को अपने पवित्र स्थल में पूजा अर्चना द्वारा बुलाने का आह्वान करती है



। इसी प्रकार पार्वती अर्थात गौरी जी को महिलाएं गौरा गीत गाकर अपने पूजा स्थल पर बुलाने का पूजन करती है आज ज्वाला देवी मंदिर के प्रांगण में मुख्य पुजारन शांति ज्याला के साथ महिलाओं ने पूजा अर्चना की। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने भी पूजा अर्चना में भाग किया और भगवान शिव और गौरी का आशीर्वाद प्राप्त किया । खटीमा वार्ड नंबर 19 की महिलाओं के साथ गौरा देवी की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामु जोशी, महामंत्री मनोज वाधवा, पूर्व छात्र उपसचिव आलोक गोयल , एससी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नवल वाल्मीकि, उपाध्यक्ष शुभम कुमार व वहाँ के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

# पेस्टिसाइड मुक्त उत्पादित किए मोटे अनाजों की रेसिपी एवं अन्य उत्पादों की दी जानकारी

गदरपुर(उद संवाददाता) । समृद्धि उत्पादक संगठन सहकारी समिति गदरपुर के बुध बाजार स्थित कार्यालय पर एक कार्यशाला का विज्ञान केंद्र काशीपुर की होम साइंस विभाग की प्रोफेसर डॉ. प्रतिभा सिंह द्वारा संगठन से जुड़ी महिला किसानों को स्वास्थ्य वर्धक विभिन्न प्रकार के



आयोजन संगठन की प्रभारी सीमा रानी के नेतृत्व में किया गया । मुख्य अतिथि के रूप में कार्यशाला में पहुंची कृषि मोटे अनाज जवार ,बाजरा,मांडवा ,कंगनी कोदो एवं रामदाना की जानकारी दी । उन्होंने विभिन्न प्रकार के अनाजों से बनने वाली रेसिपी के अलावा बिस्कुट,लड्डू आदि बनाए जाने के लिए भी जानकारी प्रदान की । उन्होंने कहा परिवार के स्वास्थ्य को सुचारू रूप से स्वस्थ करने के लिए केमिकल पेस्टीसाइड एवं अन्य खादो से मुक्त अनाजों में पाए जाने वाले पोषक तत्वों की आवश्यकता है कार्यक्रम का संचालन एफपीओ की सीईओ सीमा रानी ने किया । कार्यशाला के दौरान संगठन के अध्यक्ष त्रिलोक चंद,अमलेश कोरंगा,गीता रानी,कुसुम रानी ,बबीता, कमलेश रानी, दिव्या रानी, प्रीति, राधा रानी, गुरमीत कौर, कैलाश रानी, रश्मि रावत, सीमा रानी, मंगोला देवी, सीमा कक्कड़, सुमन फुटेला, ललिता देवी,रेखा नरूला, सूरतो देवी, मयूरी देवी ,वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे ।

# पात्र छात्र-छात्राएं बनवायें अपना वोट: मुनी भुसरी

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा वोटर चेतना महा अभियान के अंतर्गत गूलरभोज रोड स्थित मौर्य अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे छात्र-छात्राओं को वोट बनवाने के लिए प्रेरित कर उन्हें लोकतंत्र में अपना योगदान करने का आवाहन किया । भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुनी भुसरी ने 18 वर्ष की उम्र पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं को लोकतंत्र में अपना योगदान देने हेतु अपना वोट बनाए जाने के लिए जागरूक किया । उन्होंने कहा कि युवा वर्ग देश की रीढ़ है। देश का भविष्य युवाओं पर टिका हुआ है। एक जागरूक



मतदाता बनकर युवा देश के बेहतर निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दे सकता है। कार्यक्रम में वोटर चेतन महाअभियान के विधानसभा संयोजक नरेश हुड़िया, मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना ,भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मुनि भुसरी, बकुल अरोरा सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन

SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS

DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR

गर्मियों में ठंड जैसी राहत

36 महीने तक की EMI उपलब्ध

Budget Ac

Premium Split Ac

Mid-Range Split Ac

Heavy-Duty Split Ac

Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

**Easy EMI** Options Available

# GURU MAA ENTERPRISES

RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338